भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2840 का उत्तर

कौवापुर और गैंसड़ी रेलवे स्टेशनों पर गोरखपुर-गोमती नगर इंटरसिटी, गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस का ठहराव

2840. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार श्रावस्ती लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली ट्रेन संख्या 15081/15082 गोरखपुर-गोमती नगर इंटरसिटी (अप/डाउन) और ट्रेन संख्या 15065/15066 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस (अप/डाउन) के कौवापुर और गैंसड़ी रेलवे स्टेशनों पर ठहराव को मंजूरी देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए निर्धारित संभावित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या सरकार को गत पांच वर्षों के दौरान कौवापुर और गैंसड़ी रेलवे स्टेशनों पर उक्त ट्रेनों के ठहराव के संबंध में जन प्रतिनिधियों से कोई प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उपरोक्त स्टेशनों पर उक्त ट्रेनों के ठहराव की व्यवहार्यता के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार का स्थानीय यात्रियों, छात्रों, किसानों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त ठहराव को शीघ्र प्रदान करने का विचार है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) भारतीय रेल संपर्कता में सुधार लाने और यात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है और इस उद्देश्य के लिए भारतीय रेल ने 55061/55062 नकहा जंगल-ऐशबाग पैसेंजर को 26.05.2026 से शुरू किया है, जिसका कौवापुर और गैंसड़ी में ठहराव है, जो अन्य बातों के साथ-साथ कौवापुर और गैंसड़ी के यात्रियों की आवशयकताओं को पूरा करते हैं।

इसके अलावा, 15081/15082 गोरखपुर-गोमती नगर एक्सप्रेस और 15065/15066 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस का तुलसीपुर, झारखंडी और बलरामपुर स्टेशनों में निर्धारित ठहराव है, जो श्रावस्ती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित हैं।

इसके अलावा, कौवापुर और गैंसड़ी दोनों स्टेशनों को 08 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध है:

कौवापुर और गैंसड़ी स्टेशनों को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां :

क्र.सं	गाड़ी सं और नाम
1	11079 लोकमान्य तिलक (टी) - गोरखपुर एक्सप्रेस
2	11080 गोरखपुर - लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस
3	15067 गोरखपुर - बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
4	15068 बांद्रा (टी) - गोरखपुर एक्सप्रेस
5	55061 नकहा जंगल - ऐशबाग पैसेंजर
6	55062 ऐशबाग - नकहा जंगल पैसेंजर
7	75107 नकहा जंगल - गोंडा डेमू
8	75108 गोंडा - नकहा जंगल डेमू

रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालयों आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ियों को ठहराव देने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और यथा व्यवहार्य और औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर उचित कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

इसके अलावा, भारतीय रेल में ठहरावों का प्रावधान, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता, यातायात औचित्य आदि के अध्यधीन एक सतत् प्रक्रिया है।

****